भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान
ICAR – Central Institute for Research on Cotton Technology
एडनवाला रोड, माटुंगा (पूर्व), मुंबई- 400 019
Adenwala Road, Matunga (East), Mumbai- 400 019
राजभाषा अनुभाग (OFFICIAL LANGUAGE SECTION)
circotrajbhasha@gmail.com

फाइल सं.: 14-6/सिरकॉट/रा.भा./2020(81815)

दिनांक: 12.08.2026

**परिपत्र - 58**

दिनांक 04.08.2026 को आयोजित संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति (OLIC) की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन में, संस्थान में दिनांक **01 सितंबर से 30 सितंबर, 2026** तक **"हिन्दी चेतना मास"** मनाया जाएगा।

हिन्दी चेतना मास का मुख्य उद्देश्य संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते हुए सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देना तथा कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग के प्रति जागरूकता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।

अतः संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निदेश दिया जाता है कि वे हिन्दी चेतना मास की अवधि के दौरान अपने कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करें तथा यथासंभव हिन्दी में टिप्पण, आलेखन एवं पत्राचार को प्रोत्साहित करें। साथ ही, सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने नाम एवं पदनाम हिन्दी में अंकित करते हुए अनिवार्य रूप से हिन्दी में हस्ताक्षर करें।

सभी विभागाध्यक्षों एवं अनुभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने विभागों/अनुभागों में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करते हुए हिन्दी चेतना मास के उद्देश्यों को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

**राजभाषा हिन्दी को सहर्ष अपनाएँ—राजभाषा हिन्दी का सम्मान बढ़ाएँ।**

(डॉ. एस. के. शुक्ल)
निदेशक

**प्रतिलिपि:**

1. सभी विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष — अपने विभाग/अनुभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचित करने एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. निदेशक (राजभाषा), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि भवन, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110001 — सूचनार्थ
3. निदेशक के निजी सचिव
4. प्रभारी, एकेएमयू अनुभाग-संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु।